परिषद में हंगामा, भाजपा पार्षद धरने पर बैठे

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 फरवरी. ग्वालियर निगम परिषद की बैठक में प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारियों और कर्मचारियों के मुद्दे पर जोरदार हंगामा हुआ। एक जोनल ऑफिसर की नियुक्ति को लेकर भाजपा पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन किया।

दो जोनल अफसरों का वेतन रोका

हंगामे के चलते परिषद की बैठक स्थगित कर दी गई।

भाजपा पार्षदों का कहना था कि निगम में बीते तीन सालों से प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारी और कर्मचारी मलाईदार पदों पर जमे हुए हैं। इन्हें मूल विभाग और पद पर वापस भेजने के आदेश पहले भी हो चुके हैं, लेकिन वे यहीं बने हुए हैं।बैठक के दौरान भाजपा पार्षदों ने सभापति से इन

कर्मचारियों को उनके मूल विभाग में भेजने की मांग की। असंतुष्ट होकर पार्षद बृजेश श्रीवास, देवी सिंह राठौर और मनोज यादव सभापति की कुर्सी के सामने धरने पर बैठ गए।

प्रतिपक्ष के पार्षदों का कहना था कि ग्वालियर नगर निगम में बड़ी संख्या में ऐसे अधिकारी और कर्मचारी हैं, जो अन्य विभागों से प्रतिनियुक्ति पर आकर सुविधाजनक पदों पर तैनात हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने 2015 में सभी नगर निगमों के लिए पदों का स्पष्ट सेटअप निर्धारित किया था। तत्कालीन आयुक्त ने 2016 में इसका कड़ाई से पालन कराया था, लेकिन निगम फिर पुरानी व्यवस्था पर लौट आया।

सभापति और निगम आयुक्त ने जल्द ही व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया। इस दौरान दो जोनल अधिकारी प्रगति गोस्वामी और तनुजा वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की गई। परिषद की बैठक में आदेश दिए गए कि इन दोनों अधिकारियों ने जहां-जहां पदस्थ रहते हुए कितने बिल बनाए हैं, उनकी पुस्तिका की जांच निगमायुक्त स्वयं या संबंधित अधिकारी से कराएं। जांच पूरी होने तक दोनों का वेतन रोकने के भी आदेश दिए गए हैं।

आज सोमवार की बैठक हंगामे के चलते पांच बिंदुओं पर सिमट कर रह गयी। शाम लगभग 6 बजे तक चली इस बैठक में स्थगित होने के बाद भी हंगामा जारी रहा। धरने पर बैठे पार्षद बृजेश श्रीवास को उठाने के लिए उनके दल के कई पार्षद गण आए, सभापति मनोज तोमर द्वारा भी उन्हें उठाने का पूरा प्रयास किया गया लेकिन वे अपने बात पर अड़े रहे जिसके चलते सदन में विचित्र स्थिति बन गई।

बैठक में लिए कई निर्णय, 20 फरवरी तक स्थगित

इससे पूर्व निगम परिषद के विशेष अभियाचित सम्मेलन का आयोजन सभापति मनोज तोमर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पदेन व्यवस्था के संबंध में पारित ठहराव पर चर्चा उपरांत सभापति मनोज तोमर ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि पूर्व में जो ठहराव हुए हैं उनका निगमायुक्त अक्षरश: पालन करें। साथ में कोई पद खाली है तो वहां व्यवस्था करें एवं नेता प्रतिपक्ष हरिपाल एवं विधायक प्रतिनिधि कृष्ण राव दीक्षित के सुझावों को शामिल करते हुए निगमायुक्त कार्यवाही करें। पानी एवं सीवर पर परिषद द्वारा पूर्व में किए गए ठहरावों के क्रियान्वयन पर चर्चा उपरांत सभापति तोमर ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि पानी और सीवर के संबंध में ठेका प्रथा से कार्य कराना चाहते हैं या विभागीय कराना चाहते हैं, स्पष्ट मत के साथ विस्तृत रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करें जिससे आम नागरिकों को गंदे पानी एवं सीवर की समस्या से राहत मिले। निगम सीमांतर्गत स्ट्रीट लाइट के संबंध में परिषद द्वारा पारित ठहरावों के क्रियान्वयन पर चर्चा उपरांत सभापति तोमर ने कहा कि पूर्व मे किए गए ठहरावों के कारण विद्युत व्यवस्था में सुधार आया है। उन्होंने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि नेता प्रतिपक्ष, विद्युत प्रभारी एवं सदन के सदस्यों ने जो समस्यायें बताई है, उन पर कार्यवाही करें और यह व्यवस्था और अच्छी निरंतर जारी रहे।

एक नजर में

कायस्थ किरण महिला समिति ने मनाया वसंत पंचमी उत्सव

ग्वालियर 2 फरवरी. कायस्थ किरण महिला समिति द्वारा बसंत पंचमी का भव्य आयोजन क्लासिक रेस्टोरेंट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिससे पूरे वातावरण में भक्तिमय और सांस्कृतिक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान कई रोमांचक एवं मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रतिभागियों ने खूब आनंद उठाया। खेलों के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन मृदुषा सक्सेना द्वारा किया गया, वहीं मनोरंजक खेल पूनम गौर द्वारा बड़े ही रोचक अंदाज़ में करवाए गए। इस कार्यक्रम में समिति की संस्थापक अर्चना श्रीवास्तव, अध्यक्ष शालिनी कुलश्रेष्ठ, सचिव रजनी श्रीवास्तव सहित उषा श्रीवास्तव, अंजू वर्मा, रिचा सक्सेना, सुची श्रीवास्तव, रंजना खरे, दीपा श्रीवास्तव, माधुरी , अंकुर , इंदिरा , अंजली एवं योजना श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। समिति द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम आपसी सौहार्द, सांस्कृतिक मूल्यों एवं महिला सशक्तिकरण का सुंदर उदाहरण बना।

जिला अस्पताल और बिरला नगर प्रसूति गृह की व्यवस्थाएं मिलीं दुरुस्त

ग्वालियर। जिला चिकित्सालय मुरार और प्रसूति गृह बिरला नगर सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. श्रीवास्तव ने पाया कि अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ समय पर उपस्थित थे। उन्होंने वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से सीधा संवाद किया। चर्चा के दौरान मरीजों ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं और मिल रहे उपचार पर संतोष व्यक्त किया। इसके बाद डॉ. श्रीवास्तव बिरला नगर स्थित प्रसूति गृह पहुंचे। यहाँ गर्भवती और धात्री महिलाओं ने बताया कि महिला चिकित्सक और स्टाफ न केवल समय पर जांच करते मिले, बल्कि यदि कोई महिला निर्धारित तिथि पर नहीं पहुँच पाती, तो स्टाफ उन्हें फोन कर जांच के लिए बुलाता है। सीएमएचओ ने यहाँ की बेहतर साफ-सफाई और सक्रियता की सराहना की। इस भ्रमण के दौरान जिला क्षय अधिकारी डॉ. विजय पाठक भी उनके साथ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

चंचल सिंह के सिर सजा आस्था क्वीन का ताज

ग्वालियर। लायंस क्लब आस्था द्वारा महिला सदस्यों के लिए एक फैशन शो 'ग्लैमज़ फैशन के रंग, आस्था के संग' का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सीमा बंसल ने की। फैशन शो के साथ-साथ सदस्यों के लिए विभिन्न गेम्स का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति अग्रवाल ने किया, जबकि संयोजिका के रूप में रोमा जैन एवं संगीता गोयल ने व्यवस्थाएं संभालीं। अंत में सचिव प्रियंका अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सीमा बंसल, जेड.सी. वंदना जाजू, पूर्व जेड.सी. ज्योति अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष संगीता जौहरी, मोहिता गोयल, मीरा अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, मंजू सिंघल, आरती पटेल और तनिष्का सहित क्लब की अनेक सदस्य उपस्थित रहीं। फैशन शो में प्रतिभागियों को कई चरणों से गुजरना पड़ा, जिसमें ड्रेसअप राउंड और क्वेश्चन-आंसर राउंड मुख्य रहे। निर्णायक जेड.सी. नीलम अग्रवाल ने बारीकी से परखने के बाद विजेताओं के नामों की घोषणा की, आस्था क्वीन चंचल सिंह, रनरअप प्रीती सिंह एवं रश्मि अग्रवाल रही। सांत्वना पुरस्कार आरती अग्रवाल एवं नीतू सिंघल को मिला।

हेरिटेज एंड टूरिज़्म क्लब ने किया आगरा अनवील्ड कार्यक्रम

ग्वालियर। एमआईटीएस, ग्वालियर के हेरिटेज एंड टूरिज़्म क्लब द्वारा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण 'आगरा अनवील्ड' का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की मुग़लकालीन स्थापत्य विरासत, ऐतिहासिक महत्व तथा विश्व धरोहर स्थलों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। इस भ्रमण के दौरान प्रतिभागी विद्यार्थियों ने ताजमहल एवं आगरा किला का अवलोकन कर उनकी स्थापत्य भव्यता और ऐतिहासिक महत्ता को नजदीक से समझा। इस शैक्षणिक यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल मुग़लकालीन कला एवं वास्तुकला का अध्ययन किया बल्कि विश्व धरोहर स्थलों के संरक्षण, प्रबंधन और ऐतिहासिक महत्व के प्रति जागरूकता भी प्राप्त की। इस अवसर पर क्लब की संयोजक डॉ. जयमाला झा सहित प्रो. हेमलता आर्या, डॉ. सुमित धारिवाल एवं डॉ. हरदेव पाल सिंह उपस्थित रहे।

विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा बजट : भारत सिंह

ग्वालियर। सांसद भारत सिंह कुशवाह का कहना है कि वर्ष 2026 का ऐतिहासिक बजट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करता दिख रहा है। बजट में हर वर्ग महिला, युवा एवं किसान सभी का विशेष ध्यान रखा गया है उन्होंने शानदार बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है।

शासकीय सेवकों के लिए बजट निराशाजनक

ग्वालियर। राकेश सिंह जिलाध्यक्ष म प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ग्वालियर ने कहा है कि केन्द्र सरकार का बजट शासकीय सेवको व पेन्शनरो के लिए व युवाओं के लिए निराशा जनक है । इनके लिए कोई प्रावधान नही किया है।

डॉ राहुल अग्रवाल ने रतलाम के रेलवे हॉस्पिटल में किया माइक्रोस्कोपिक द्वारा कान का ऑपरेशन

ग्वालियर। अग्रवाल हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट के वरिष्ठ नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. राहुल अग्रवाल को रतलाम के रेलवे हॉस्पिटल में कान के आधुनिक माइक्रोस्कोपिक ऑपरेशन के लिए बुलाया गया। वहाँ उनके नेतृत्व में सफलतापूर्वक चार ऑपरेशन्स किये गए। ये ग्वालियर के लिए काफी गर्व की बात है कि ग्वालियर के डॉक्टर्स को ग्वालियर के अलावा बाहर भी इतनी मान्यता दी जा रही है और ग्वालियर के डॉक्टर की वजह से दूर - दराज की जनता को भी आधुनिक उपचार मिल पा रहा है।

मंदिरों में शिवरात्रि की तैयारियां शुरू, होली तक रहेगी धूम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 फरवरी. फाल्गुन माह का शुभारंभ 5 फरवरी से हो रहा है। यह माह भगवान शिव और श्रीकृष्ण की भक्ति, प्रेम, उल्लास और दान-पुण्य के लिए विशेष महत्व रखता है। फाल्गुन की शुरुआत के साथ ही शहर में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में तेजी आ गई है। फाल्गुन माह में महाशिवरात्रि, होलाष्टक, होलिका दहन और रंगों का पर्व होली जैसे प्रमुख त्योहार मनाए जाएंगे। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा, जिसे लेकर शिव मंदिरों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर समितियां साफ-सफाई, सजावट, जल, दुग्ध, बेलपत्र और प्रसाद की व्यवस्थाओं में जुटी हुई हैं। होलिका दहन 3 मार्च को होगा, जबकि 4 मार्च को रंगों का पर्व होली मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार 24 फरवरी से होलाष्टक शुरू हो जाएंगे, इस दौरान शुभ कार्यों पर रोक मानी जाती है। इसी कारण लोग होलाष्टक से पहले विवाह, मुंडन और अन्य मांगलिक कार्य पूरे करने की योजना बना रहे हैं। होलिका पर्व को लेकर इस बार भी बड़ी संख्या में लोग ब्रज, मथुरा और वृंदावन जाने की तैयारी कर रहे हैं।

नये युग में टेक्नोलॉजी का सीमित उपयोग करने की आवश्यकता : रमाशंकर सिंह

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 फरवरी. आईटीएम यूनिवर्सिटी में '46वीं मीटिंग ऑफ माइंड्स' का आयोजन किया गया। संस्थान के उस्ताद अलाउद्दीन खान सभागार में आयोजित इस मीटिंग

आईटीएम में '46वीं मीटिंग ऑफ माइंडस' का आयोजन

ऑफमाइंड्स में मुख्य वक्ता के रूप में संस्थान के फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रो. डॉ. योगेश उपाध्याय, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, डीन अकेडमिक प्रो. रंजीत सिंह तोमर, डीन अकेडमिक प्रो. सोनिया जौहरी,

डीन एसोईटी प्रो. मुकेश पांडे, डीन स्टूडेंट एंड वेलफेयर तृप्ति पाठक सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वहीं इस कार्यक्रम का संचालन पत्रकारिता विभाग के डॉ. मनीष जैसल द्वारा किया गया।

मुख्य वक्ता और आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह जी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर उनके संस्मरणों को सुनाते हुए वर्तमान में उनके आदर्शों की आवश्यकता पर जोर दिया। फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह 'इधर उधर की-काम की बेकाम की' विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि समय का पाबंद होना बहुत जरूरी है। क्योंकि आपका और सभी का समय बहुत सीमित है। अगर समय की पाबंदी नहीं है तो आपका सब कुछ बिखर सकता है। उन्होंने कहा कि हमें समय की पाबंदी करनी बहुत जरूरी है कि हम समय का उपयोग कैसे कर रहे हैं, कितना कर रहे हैं, कितना उत्पादन कर रहे हैं, कितना भले के लिए कर रहे हैं और कितने में जरूरी काम कर रहे हैं।

वाइस चांलसर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल सूचना देने वाले केंद्र न बनें, बल्कि अनुभव आधारित ज्ञान के केंद्र के रूप में विकसत हों। उन्होंने अनुभव को ज्ञान की सबसे प्रामाणिक इकाई बताया। उन्होंने कहा कि ऐसा अनुभव जो हमारी इंद्रियों से आता है और जिसे हम सक्रिय रूप से जीते हैं। यही अनुभव आज के समय में सबसे अधिक प्रासंगिक है। इसलिए शिक्षा को अनुभवजन्य बनाया जाना चाहिए।

इज़राइल के राजदूत रूवेन अज़ार ने किया एसकेवी का भ्रमण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 फरवरी. सिंधिया कन्या विद्यालय को भारत में इज़राइल के राजदूत महामहिम रूवेन अज़ार के स्वागत का गौरव प्राप्त हुआ। विद्यालय आगमन पर प्रधानाचार्या निशि मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया तथा स्मृति-चिह्न प्रदान किया। इस अवसर पर करियर काउंसलर उर्वशी पांडे कोऑर्डिनेटर के रूप में उपस्थित रहीं। राजदूत अज़ार के इस भ्रमण से विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण, संवाद और अंतरराष्ट्रीय समझ विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर मिला। उन्होंने विद्यालय परिसर का अवलोकन किया और शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों की सराहना की। भ्रमण के दौरान

उन्होंने रोबोटिक्स लैब का दौरा किया, जहाँ छात्राओं द्वारा तकनीक एवं नवाचार के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को देखा। महामहिम को विद्यालय की सामाजिक पहल 'संकल्प' के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सामुदायिक सेवा हेतु नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन वितरित किए जाते हैं। उन्होंने इस पहल की विशेष सराहना की। छात्राओं से संवाद के दौरान राजदूत अज़ार ने कूटनीति, नेतृत्व और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर अपने अनुभव साझा किए तथा छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मुद्दों पर सोचने और सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि रूवेन अज़ार ने अगस्त 2024 में भारत में इज़राइल के राजदूत के रूप में पदभार संभाला है। इससे पूर्व वे रोमानिया में इज़राइल के राजदूत सहित कई महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय और रणनीतिक पदों पर कार्य कर चुके हैं। महामहिम का यह दौरा सिंधिया कन्या विद्यालय की छात्राओं एवं शैक्षणिक समुदाय के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

चंबल में शहीद बिस्मिल की स्मृति में विश्वविद्यालय खोलने की मांग को लेकर दिल्ली में होगा धरना

ग्वालियर। चंबल संभाग के मुख्यालय पर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल की स्मृति में नया विश्वविद्यालय खोलने एवं वनभूमि अधिकार अधिनियम के तहत पट्टों के वितरण की मांग को लेकर बुंदेलखंड सर्वदलीय मोर्चा द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर पर समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर के नेतृत्व में 13 फरवरी को धरना दिया जाएगा। जाने माने एक्टिविस्ट जयंत सिंह तोमर ने कहा कि चंबल एवं बुंदेलखंड अंचल के लोगों का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़े तो बनारस विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना मदनमोहन मालवीय को भारतरत्न से विभूषित किया गया। क्या चंबल के लोगों को इस बात का इंतजार करना पड़ेगा कि प्रधानमंत्री जब चंबल क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे तब यहां बिस्मिल की स्मृति में विश्वविद्यालय खुलेगा? अंचल में पर्यटन के विकास और पूर्णत: सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग भी बुंदेलखंड सर्वदलीय मोर्चा करता रहा है। धरना सुबह दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक होगा। मोर्चा अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री तथा वन एवं पर्यावरण मंत्री को ज्ञापन भी सौंपेंगा।

CHANGE OF NAME

I, **Mahendra Pratap Yadav**, son of **Shri Bharat Bhushan** residing at Shekhon- 4, Officers Mess Maharajpur ,Gwalior(M.P) have changed my name and shall henceforth be known as **Mahendra Pratap Singh** as declared before the notary Public Gwalior Court, Gwalior(M.P) vide affidavit number DC 583921 dated 31 Jan 2026. **Mahendra Pratap Yadav** and **Mahendra Pratap Singh** both are same and identical person.

नाम संशोधन सूचना

मैं **Sangeeta Singh W/o Saket Singh Rathour** शपथ करती हूं कि मेरे पूर्व के पासपोर्ट क्र. M0434178 में मेरा नाम **Sangeeta Singh Rathour** दर्ज है, जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों- आधार कार्ड, पैनकार्ड आदि में मेरा नाम **Sangeeta Singh** दर्ज है जोकि सही है। अतः वर्तमान में मुझे **Sangeeta Singh** के नाम से ही जाना-पहचाना जाता है। यही नाम मेरे नवीन पासपोर्ट में दर्ज कर मान्य किया जावे। अतः सूचित हों।

सूचनाकर्ता: Sangeeta Singh W/o Saket Singh Rathour Add.- Gadve ki Goth, Near Jai Sindh School, Madhav Ganj, Lashkar, GWALIOR (M.P.) 474001 Mo. 7000531361

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **Drishti Nitin Vaswani** शपथ करती हूं कि मेरे पूर्व के पासपोर्ट क्र. P0117878 में मेरा नाम **Bhavna Chandwani** दर्ज है। अतः अब शादी के बाद मेरा नाम परिवर्तित होकर **Drishti Nitin Vaswani** हो गया है जो मेरे आधार कार्ड, पैनकार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी दर्ज है। अतः वर्तमान में मुझे मेरे परिवर्तित नाम **Drishti Nitin Vaswani** के नाम से ही जाना पहचाना जाता है। यही नाम **(Drishti Nitin Vaswani)** मेरे नवीन पासपोर्ट में दर्ज कर मान्य किया जावे। अतः सूचित हों।

सूचनाकर्ता-
Drishti Nitin Vaswani W/o Nitin Vaswani Add. 47, Helipad Colony, Near Jai vilash Palace, Lashkar, Gwalior (M.P.)- 474009, Mo. 7694973039

नाम संशोधन सूचना

मैं **Dyanendra Singh Chauhan S/o Ranveer Singh** शपथ करता हूं कि मेरे पूर्व के पासपोर्ट क्र. N5435448 में मेरा नाम **Dyanendra Singh** दर्ज है, जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों- आधार कार्ड, पैनकार्ड वोटर आईडी आदि में मेरा नाम **Dyanendra Singh Chauhan** दर्ज है जोकि सही है। अतः वर्तमान में मुझे **Dyanendra Singh Chauhan** के नाम से ही जाना-पहचाना जाता है। यही नाम मेरे नवीन पासपोर्ट में दर्ज कर मान्य किया जावे। अतः सूचित हों।

सूचनाकर्ता- Dyanendra Singh Chauhan S/o Ranveer Singh Add.- I-46, Adityapuram, Maharajpura Road, GWALIOR (M.P.) 474020 Mo. 9098988892

तीन अवैध कॉलोनियों से निगम अमले ने हटाये निर्माण कार्य

ग्वालियर 2 फरवरी। नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। कॉलोनाइजरों द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश, ग्वालियर एवं नगर निगम ग्वालियर की अनुमति के बिना कॉलोनियों में विकास कार्य किए जा रहे थे। जिन पर कार्रवाई करते हुए निगम अमले द्वारा विकास कार्यों को हटाया गया। भवन अधिकारी पवन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव के निर्देशानुसार सिटी प्लानर महेन्द्र अग्रवाल के निर्देशन में नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।

अवैध कालोनियों पर कार्रवाई के अभियान अंतर्गत प्रथम चरण में चयनित 58 अवैध कॉलोनियों में से आज 02 फरवरी को ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा वार्ड क्र. 66 के अन्तर्गत ग्राम पिपरौली के सर्वे क्र. 220, 221, 222, 225, 227, 232, 236, 234, 241, 244, 230, 245/2, 229/2, 240, 219/2, 220, 221, 413/1/1 लगभग रकवा 2.196 हेक्टेयर (कुल 3 अवैध कॉलोनी) भूमि पर श्याम विहार कॉलोनी संतोष कुशवाह, महेश कुशवाह, मोहर सिंह कुशवाह, रामबाबू कुशवाह पुत्र सुमेर सिंह, जीतू कुशवाह, उजागर सिंह पुत्र रामसिंह द्वारा अवैध कॉलोनियों में सड़क, सीवर, बाउण्ड्रीवॉल एवं विद्युत पोल आदि निर्माण किये गये थे, जिन्हें हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही में भवन निरीक्षक रवि गोडिया, मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र सिंह चौहान तथा पुलिस बल आदि उपस्थित रहे। अभियान अन्तर्गत 14 अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही की जा चुकी है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं रामपुत्री पति का नाम : श्री भागीरथ प्रसाद जन्म तिथि :15/03/1986 व्यवसाय: गृहिणी निवासी:प्रीतम विहार कॉलोनी श्री राम वाटिका के पास पिंटू पार्क जडेरूआ कला मुरार ग्वालियर म.प्र. । मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करती हूँ कि :-यह कि शपथकर्ता उपरोक्त पते पर निवास कर रही हूं। यह कि मुझ शपथकर्ता की मकान की रजिस्ट्री एवं वोटर कार्ड में मेरा नाम गुड्डी बाई अंकित है आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम रामपुत्री अंकित है तथा उक्त दोनो नाम गुडडी बाई व रामपुत्री मुझ शपथकर्ता के ही है। तथा मेरे पति का नाम भागीरथ सिंह अंकित है मेरे पति का सही नाम भागीरथ प्रसाद है यह कि भविष्य में मेरा नाम रामपुत्री मान्य किया जाये मेरे पति का नाम भागीरथ प्रसाद मान्य किया जाये यह कि शपथकर्ता द्वारा उपरोक्त तथ्यों के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजू शर्मा पत्नी श्री रामजीत शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की एक अचल संपत्ति जिसका वार्ड क्र. 07 (दाऊ वार्ड), ग्राम मुरैनागांव एवं तहसील मुरैना नगर व जिला मुरैना के सर्वे क्र. 1457/Min-4/1/1, 1457/min-4/1/2, 1459/1, 1459/2, 1454/8/1, 1454/8/2, 1458/1/1, 1458/1/2, 1458/2 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः - पूर्व में- प्लाट शर्मा, पश्चिम में- प्लाट गिर्राज, उत्तर में- प्लाट दीगर, दक्षिण में- रास्ता 22 फुट चौड़ा व कुल क्षेत्रफल 639 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान सोनेराम, लक्ष्मण, रामनाथ, नरपाल, नाशाराण, हरिभजन, दौलतराम पुत्रगण श्री महाराज सिंह एवं रामरती पुत्री महाराज सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है जिसमें श्रीमान लक्ष्मण के फोत उपरांत श्रीमती किशन देवी -पत्नी श्रीमान रामबरन - पुत्र एवं शकुन्तला व राजाबेटी- पुत्रियाँ के नाम 4/6 हिस्से पर राजस्व विभाग मे दर्ज हुए। तत्पश्चात केवल श्रीमान रामबरन पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण सिंह द्वारा श्रीमती मंजू शर्मा पत्नी श्री रामजीत शर्मा को ई- रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP25792022 A1264012 व दिनांक 12-03-2022 से विक्रय की गई। अतः उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है, इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक :- 02.02.2026

प्रेषक-**विशाल अग्रवाल** (एडवोकेट)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट" ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं नजूल अधिकारी झांसी रोड ग्वालियर

प्रकरण क्रं 0004/अ-20 (2)/2025-26/577
ग्वालियर,दिनांक 24/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक INDIAN OIL CORPORATION LIMITED द्वारा AZAM MATEEN, DIVISIONAL RETAIL SALES HEAD पता- KESHAR TOWER RACE COURSE ROAD GWALIOR गोशपुरा ग्वालियर द्वारा ग्राम ओहदपुर के सर्वे नम्बर 197/357/1 रकवा 0.3650 हेक्टेयर भूमि TO ESTABLISH OFFICE TO HANDLE PETROL,DIESEL AND GAS SUPPLY IN 11 DISTRICTS OF M.P,आवंटन हेतु ऑनलाईन आवेदन कलेक्टर महोदय को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अतः उक्त आवंटन के संबंध में जिस किसी को कोई भी आपत्ति हो, तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से नियत आगामी दिनांक 21/02/2026 समय 06.00 बजे के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व)
झांसी रोड,ग्वालियर